उप निदेशक स्कूल शिक्षा (मा0) कार्यालय धर्मशाला, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश

Deputy Director of School Education (Sec)
12 JUN 2026
Dispatch No. 3639-42
Kangra at Dharamshala

पत्र संख्या: ईडीएन - केजीआर-(विविध)/
दिनांक: 12 जून, 2026

सेवा में,

1. समस्त प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक/उच्च/माध्यमिक विद्यालय, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)।
2. समस्त निजी विद्यालयों के प्रधानाचार्य, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)।

विषयः भारतीय वन सर्वेक्षण (Forest Survey of India) द्वारा वन तथा बाह्य वन वृक्षों (ग्रामीण एवं शहरी) की वन इन्वेन्ट्री हेतु सर्वेक्षण कार्य में सहयोग प्रदान करने के संबंध में।

ज्ञापन,

उपायुक्त कांगड़ा, धर्मशाला के कार्यालय पत्र क्रमांक RDB दिनांक 03.06.2026 तथा भारतीय वन सर्वेक्षण, क्षेत्रीय कार्यालय (उत्तरीय), शिमला के पत्र संख्या 15-47/2016-17/15 दिनांक 27.04.2026 के संदर्भ में अवगत करवाया जाता है कि भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अधीन भारतीय वन सर्वेक्षण (Forest Survey of India) द्वारा हिमाचल प्रदेश के समस्त जिलों में वन एवं बाह्य वन वृक्षों (Trees Outside Forests-Rural & Urban) की वन इन्वेन्ट्री का कार्य प्रारम्भ किया जा रहा है।

उक्त कार्य के अंतर्गत भारतीय वन सर्वेक्षण के अधिकृत फील्ड सर्वेक्षण दल यादृच्छिक (Randomly) रूप से चयनित क्षेत्रों, संस्थानों एवं परिसरों का भ्रमण कर वृक्षों की गणना, मापन तथा अन्य आवश्यक आंकड़ों का संकलन करेंगे।

अतः निर्देशित किया जाता है कि यदि भारतीय वन सर्वेक्षण के अधिकृत सर्वेक्षण दल आपके विद्यालय परिसर अथवा विद्यालय से संबंधित चयनित क्षेत्र का भ्रमण करें तो उन्हें आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाए तथा आंकड़ा संकलन कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आने दी जाए। आवश्यकता पड़ने पर संबंधित अभिलेखों एवं परिसर तक पहुंच उपलब्ध करवाना भी सुनिश्चित करें।

इस विषय में किसी भी प्रकार की कठिनाई अथवा जानकारी हेतु भारतीय वन सर्वेक्षण, क्षेत्रीय कार्यालय (उत्तरीय), शिमला से समन्वय स्थापित किया जा सकता है।

इस पत्र की अनुपालना सुनिश्चित की जाए।

उप निदेशक स्कूल शिक्षा (मा0),
कांगड़ा स्थित धर्मशाला, कांगड़ा

प्रतिलिपि:-

1. निदेशक उच्च शिक्षा, हिमाचल प्रदेश, शिमला-171001 को सूचनार्थ।
2. उपायुक्त कांगड़ा, धर्मशाला को सूचनार्थ।
3. नोडल अधिकारी (आंतरिक), कार्यालय उप निदेशक उच्च शिक्षा (मा०), कांगड़ा, धर्मशाला को उक्त पत्र/निर्देशों को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करना तथा जिला कांगड़ा के समस्त राजकीय एवं निजी विद्यालयों को आधिकारिक ई-मेल के माध्यम से तत्काल प्रेषित करना सुनिश्चित करें।
4. कार्यालय अभिलेख।

उप निदेशक स्कूल शिक्षा (मा0),
कांगड़ा स्थित धर्मशाला, कांगड़ा

Scanned with OKEN Scanner